# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांकः कमेटी सेल/प्रोफे0 कोर्स/5995
दिनांकः 03.08.2024

## प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त नर्सिंग संस्थानों में अध्ययनरत बी0एससी0 नर्सिंग चतुर्थ वर्ष (Main & Back) एवं एम0एससी0 नर्सिंग द्वितीय वर्ष के छात्रों की परीक्षाये जिनका परीक्षा कार्यक्रम पत्रांक कमेटी सैल/बी0एससी0/एम0एससी0 नर्सिंग/5977 दिनांक 06.07.2024 द्वारा जारी किया गया है। **उक्त परीक्षा कार्यक्रम में बी0एससी0 नर्सिंग चतुर्थ वर्ष एवं एम0एससी0 नर्सिंग द्वितीय वर्ष की दिनांक 05.08.2024 को आयोजित परीक्षा अपरिहार्य कारणों से परिवर्तित की जाती है।**

**बी0एससी0 नर्सिंग चतुर्थ वर्ष की दिनांक 05.08.2024 की परीक्षा दिनांक 14.08.2024 को** तथा **एम0एससी0 नर्सिंग द्वितीय वर्ष की दिनांक 05.08.2024 की परीक्षा दिनांक 09.08.2024 को** आयोजित की जायेगी।

उपर्युक्त के अतिरिक्त **बी0एससी0 नर्सिंग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के ऐसे छात्र जो बैक पेपर परीक्षा में उत्तीर्ण हो चुके है तथा जिनकी प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष की समस्त परीक्षायें उत्तीर्ण हो चुकी है** तथा **चतुर्थ वर्ष की कक्षाये पूर्ण हो चुकी है अर्थात नियमानुसार चतुर्थ वर्ष की परीक्षा मे सम्मिलित होने हेतु नियमानुसार अर्ह है,** ऐसे अर्ह छात्रों को **बी0एससी0 नर्सिंग चतुर्थ वर्ष का परीक्षा फार्म भरने एवं फीस जमा करने** हेतु निम्नानुसार अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया निम्न प्रकार होगी:–

**उपरोक्त परीक्षाओं हेतु फार्म जमा कराने की तिथियां निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैं:–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विश्वविद्यालय वेबसाईट पर परीक्षा फार्म ऑन लाईन उपलब्ध होने की प्रारम्भिक तिथि | 03.08.2024 |
| 2. | अभ्यर्थियों द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म एवं ऑन लाईन परीक्षा शुल्क सहित परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | 05.08.2024 |
| 3. | भरे गये परीक्षा फार्म को सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराने व महाविद्यालय **ऑनलाईन वेरिफाई करने की तिथि** | 06.08.2024 |

कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि अन्तिम तिथि के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी का कोई भी फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

03/08/24
परीक्षा नियंत्रक

***प्रतिलिपि***:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त नर्सिंग कॉलेज, सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया केवल अर्ह छात्रों के परीक्षा फार्म ही ऑनलाईन पोर्टल पर वेरिफाई करने का कष्ट करें अनर्ह छात्रों के परीक्षा फार्म यदि अग्रसारित किये जाते है तो समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा तथा अपने संस्थान के छात्रों को उपर्युक्त सूचना से अवगत कराने का कष्ट करें।
2. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. संकायाध्यक्ष, चिकित्सा, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
4. आशुलिपिक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
5. उप कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)।
6. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
7. प्रभारी, (सीक्रेसी), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
8. प्रभारी, व्यावसायिक पाठ्यक्रम (रिजल्ट सैल), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
9. प्रभारी (सामान्य/भण्डार)।
10. आशुलिपिक कुलसचिव।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
12. प्रभारी, वेबसाइट/कम्प्यूटर केन्द्र।
13. विश्वविद्यालय सूचना पट।

03/08

उप कुलसचिव (व्या0परीक्षा)